विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email-dirfood.cg@nic.in, website-www.khadya.cg.nic.in)

क्रमांक 46 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 28 / 11 / 2025

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
अटल नगर, नवा रायपुर

2. **प्रबंध संचालक,**
अपेक्स बैंक,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

3. **समस्त कलेक्टर,**
छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 427 तारांकित द्वारा श्री भूपेश बघेल, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 427 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 03.12.2025 तक** ई–मेल (dirfood.cg@nic.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 47 / संचा.–वि.स. / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 28 / 11 / 2025

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **09/12/2025**

वर्ग : 2 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **16/12/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **विपणन वर्ष 2025-26 हेतु राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की व्यवस्था एवं लक्ष्य**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **427** ) **श्रीभूपेश बघेल**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) राज्य सरकार ने विपणन वर्ष 2025-26 के लिए कुल कितने लाख मीट्रिक टन (LMT) धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया है एवं यह लक्ष्य पिछले वर्ष की वास्तविक खरीदी से कितना अधिक है ? (ख) विपणन वर्ष 2025-26 में 25 नवम्बर, 2025 अब तक कितने नए किसानों का पंजीयन हुआ है ? पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाने और आनलाइन टोकन प्रणाली की तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए विभाग द्वारा क्या उपाय किए गए हैं ? (ग) क्या सरकार ने 2025-26 के लिए धान का समर्थन मूल्य रू. 3100 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, और क्या यह राशि किसानों को 72 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में एकमुश्त दी जाएगी ? केंद्र सरकार के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) और राज्य के मूल्य के बीच के अंतर के भुगतान की क्या योजना है ? (घ) किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने क्या निगरानी तंत्र स्थापित किया है, ताकि 72 घंटे की समय-सीमा का प्रभावी ढंग से पालन हो सके ?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 28/11/2025 10:47:43 |

## Remark :

मार्कफेड
अपेक्स बैंक
समस्त करें.